<u>रीट परीक्षा 2024 की उत्तर तालिका पर आपत्ति हेतु अनुदेश</u>

रीट परीक्षा 2024 दिनांक 27–28 फरवरी 2025 को आयोजित की गई । उक्त परीक्षा के स्तर प्रथम (प्रथम पारी) व स्तर द्वितीय (द्वितीय एवं तृतीय पारी) की प्रोविजनल उत्तर तालिका दिनांक 25.03.2025 को रीट की वेबसाईट www.reet2024.co.in पर अपलोड कर दी गई है। परीक्षार्थी को यदि किसी प्रश्न के उत्तर में कोई आपत्ति हो तो <u>अपनी आपत्तियॉ दिनांक 31.03.2025 रात्रि 12.00 बजे तक रीट की वेबसाईट पर ऑनलाईन दर्ज कर सकते है</u> ।**<u>उत्तर तालिका पर आपत्तियॉ केवल ऑनलाईन ही स्वीकार की जाएगी।</u>** ऑफलाइन आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जाएगा।अभ्यर्थी अपनी आपत्तियॉ निम्न प्रकिया से ऑनलाईन दर्ज कर सकते है :–

1.सर्वप्रथम अभ्यर्थी द्वारा रीट की वेबसाईट पर OBJECTION ON ANSWER KEY लिंक को क्लिक करने पर रोल नम्बर एवं जन्म दिनांक की प्रविष्टि करने के पश्चात अभ्यर्थी को उनके आवेदन पत्र में अंकित मोबाईल नम्बर पर एक ओटीपी प्राप्त होगा।

2. ओटीपी वेरिफाई करने के पश्चात अभ्यर्थी को उसके ऑनलाईन आवेदन में दर्ज कुछ प्रविष्टियॉ यथा, नाम,भाषा–1,भाषा–2 एवं विशेषज्ञता विषय आदि दर्शित होगी। दोनो स्तर के अभ्यर्थी को अपनी आपत्ति दर्ज करने से पूर्व परीक्षा स्तर का चयन करना होगा। अभ्यर्थी को अपनी प्रश्न–पुस्तिका सीरिज व कितने प्रश्नों के उत्तर पर आपत्ति दर्ज करानी है, की संख्या दर्ज करनी होगी।

3. संख्या दर्ज करतें ही अभ्यर्थी को प्रश्नों की आपत्ति करने हेतु आपत्तियों के लिए संख्या अनुरूप पंक्तियां उपलब्ध होगी । अभ्यर्थी को इन पंक्तियों में प्रश्न संख्या, प्रामाणिक (Standard, Authentic) पुस्तक का मुख्य पृष्ठ **(Cover Page)** (जिसमें पुस्तक का नाम, लेखक का नाम, प्रकाशक का नाम,पुस्तक का संस्करण साफ व पढने योग्य JPEG फार्मेट में),पुस्तक का वह पृष्ठ, जिसमें अभ्यर्थी के मतानुसार उत्तर लिखा है (उत्तर को रेखांकित करते हुए मय पृष्ठ संख्या के JPEG फार्मेट में) अपलोड करना है। उसके पश्चात अभ्यर्थी को रीट कार्यालय द्वारा जारी की गई प्रोविजनल उत्तर तालिका का सम्बन्धित प्रश्न का उत्तर अंकित करना होगा । तत्पश्चात अभ्यर्थी द्वारा सही उत्तर क्या माना गया है, को दर्ज करना है। यदि एक से अधिक प्रश्नो के उत्तरों पर अभ्यर्थी को आपत्ति है तो उक्त प्रक्रिया सभी आपत्तियों को दर्ज कराने हेतु अपनाई जावे।

4. अभ्यर्थी द्वारा आपत्ति की प्रविष्टियां दर्ज करने के पश्चात प्रति प्रश्न रूपये 300/– के अनुसार एक चालान जनरेट होगा। चालान का भुगतान अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन ही करना है। <u>चालान प्रिन्ट कर अपने पास सुरक्षित रखें।</u>

<u>5.आपत्ति हेतु प्रति प्रश्न रूपये 300/– निर्धारित है। यदि किसी अभ्यर्थी ने आपत्ति दर्ज की है एवं चालान का भुगतान नहीं किया है तो इस प्रकार की आपत्तियॉ कम्पयूटर में दर्ज नहीं होगीं। अतः आपत्ति दर्ज कर भुगतान के उपरांन्त आपत्ति दर्ज होना सुनिश्चित करे।</u>

<u>6. चालान जमा होने के पश्चात अभ्यर्थी को उसके द्वारा प्रविष्ट की गई आपत्तियों का प्रिन्ट,जिसमें अभ्यर्थी द्वारा दर्ज की गई आपत्तियों का विवरण होगा,को अपने पास सुरक्षित रखना आवश्यक है।</u>

<u>7. अभ्यर्थी द्वारा आपत्ति हेतु दिये गये प्रमाण प्रमाणिक(**Standard,Authentic**)पुस्तको के होने चाहिए अर्थात गाईड, पासबुक आदि से नहीं होने चाहिए।</u>

<u>8. दोनो स्तर के अभ्यर्थी को अपने परीक्षा स्तर के चयन के पश्चात प्रत्येक स्तर के लिए पृथक–पृथक ऑनलाईन आपत्ति दर्ज करवानी होगी।</u>

<u>9.अभ्यर्थी किसी भी प्रश्न पर एक बार ही आपत्ति कर सकता है।</u>